राज्य के सभी नगरीय निकायों में अगस्त में होगा कृष्ण कुंज का लोकार्पण

चर्चा में क्यों?

28 जून, 2022 को अपर मुख्य सचिव, वन एवं जलवायु परिवर्तन सुब्रत साहू ने राज्य के समस्त कलेक्टर तथा वनमंडलाधिकारी को पत्र द्वारा नगरीय निकायों में अगस्त में 'कृष्ण कुंज' के लोकार्पण के लिये सभी आवश्यक तैयारियों के संबंध में निर्देश दिये।

प्रमुख बिंदु

- गौरतलब है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा राज्य के नगरीय क्षेत्रों में वृक्षारोपण कर 'कृष्ण कुंज' विकसित करने के संबंध में घोषणा की गई है। आगामी अगस्त माह में निर्धारित तिथि (कृष्ण जन्माष्टमी के दिन) को एक साथ 'कृष्ण कुंज' का लोकार्पण किया जाएगा।
- छत्तीसगढ़ के समस्त नगरीय निकायों में न्यूनतम एक एकड़ की भूमि में सांस्कृतिक महत्त्व के जीवन उपयोगी वृक्षों का रोपण करते हुए 'कृष्ण कुंज' विकसित किया जाएगा।
- इनमें आम, इमली, गंगा इमली, जामुन, बेर, गंगा बेर, शहतूत, तेंदू, चार, अनार, गूलर कैथा, कदम्ब, पीपल, नीम, बरगद, बबूल, पलाश अमरूद, सीताफल, बेल तथा आंवला प्रजाति के पौधे को रोपण हेतु शामिल किया गया है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/krishna-kunj-will-be-inaugurated-in-august